Title: Need to declare support price of millet in Rajasthan – Laid.

श्री राम रघुनाथ चौधरी (नागौर): राजस्थान में किसानों की उपज "बाजरा" के गिरते बाजार भाव से राजस्थान का समस्त किसान जगत चिन्ता में डूबा हुआ है। तीन वर्षों से जो किसान अकाल से मुकाबला कर रहा था, जीवन यापन के लिए अन्य प्रदेशों मे पलायन कर गया था, इस बार अच्छी वर्षा से उनके चेहरे पर रौनक दिखने लगी थी पर फिर से चेहर मुर्झाने लग हैं। जहां पिछले कई वर्षों से बाजरा के बाजार भाव 400 रूपये व 500 रूपये प्रति क्विन्टल के बीच थे, अचानक अच्छी फसल की आशा से रूपये 200 प्रति क्विंटल पर पहुंच गये हैं। बाजार एडवांस सौदा 150-160 रूपये प्रति क्विन्टल पर कर रहा है, जो कि किसान की लागत भाव प्रति क्विन्टल से भी आधा नहीं है। किसानों की चिन्ता में कृपा कर सहभागी बनें। कृषि मंत्री व प्रधान मंत्री महादेय से प्रार्थना है कि किसानों की उपज को सपोर्टिंग कीमत पर बाजार में सीधा खरीदने का प्रबंध करावें।